**प्रसार भारती**
**भारतीय प्रसारण निगम**
**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**
**25.08.2026 / प्रादेशिक समाचार / 15:00बजे**

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि उनकी सरकार ने भाजपा कार्यकाल के कथित भ्रष्टाचार की जांच के लिए व्हाइट पेपर कमेटी बनाई है। यह कमेटी जांच के बाद सामने आए तथ्यों को जनता के समक्ष रखेगी। शिमला में चल रहे प्रदेश विधानसभा के मॉनसून सत्र के दौरान आज मुख्यमंत्री ने कहा कि सदन में भाजपा बिना मुद्दे की राजनीति कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रश्नकाल के दौरान रोजगार पर करीब आधे घंटे तक चर्चा हुई, लेकिन इसके बाद भाजपा विधायक दल ने वॉकआउट कर दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष ने विपक्ष को सवाल पूछने का पूरा मौका दिया था और चर्चा भी कराई गई। इसके बावजूद अतिरिक्त सवाल पूछने की जिद करना और फिर सदन से बाहर चले जाना उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि सरकार विपक्ष के हर सवाल का जवाब देने के लिए पूरी तरह तैयार है।

**प्रश्नकाल**

प्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र के चौथे दिन आज प्रश्नकाल के दौरान बेरोजगारी और आउटसोर्स भर्तियों के मुद्दे पर पक्ष व विपक्ष के बीच तनातनी देखने को मिली। विपक्ष की ओर से उठाए गए सवाल पर मुख्यमंत्री के जवाब से असंतुष्ट होकर विपक्ष ने सदन से बाहर आकर सरकार के खिलाफ नारेबाज़ी की। सदन के बाहर पत्रकारों से बातचीत में नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने राज्य सरकार पर युवाओं के साथ ठगी करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि सरकार का करीब चार साल का कार्यकाल पूरा होने जा रहा है, लेकिन युवाओं को रोजगार नहीं मिला। जयराम ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस ने हर साल एक लाख नौकरियां देने का वादा किया था, लेकिन सरकार शुरू से अंत तक झूठ बोलती रही। विपक्ष ने आरोप लगाया गया कि कांग्रेस के पदाधिकारियों के नाम पर दनादन आउटसोर्स कंपनियां रजिस्टर की जा रही हैं। वहीं, संसदीय कार्य मंत्री ने खुले मंच से 600 नौकरियां देने की बात कही थी।

**धरना**

इसे पहले विधानसभा के मानसून सत्र के चौथे दिन भी आज सदन के बाहर पक्ष और विपक्ष के बीच सियासी टकराव देखने को मिला। दोनों पक्षों ने एक–दूसरे के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया और हाथों में तख्तियां लेकर गंभीर आरोप लगाए। विस्तृत ब्यौरे के साथ हमारे विशेष संवाददाता————

*वीओ------मानसून सत्र के चौथे दिन भी सदन की कार्यवाही शुरू होने से पहले हंगामा देखने को मिला और दोनों पक्षों ने आमने-सामने आकर लगाए नारे लगाए। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर के नेतृत्व में सरकार के खिलाफ मोर्चा खोला, जबकि सत्ता पक्ष की ओर से उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री की अगुवाई में प्रदर्शन किया गया। विपक्ष ने हिमकेयर और सहारा योजना को लेकर सरकार पर निशाना साधा। भाजपा नेताओं का आरोप है कि इन योजनाओं को कमजोर या बंद किए जाने से प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था पर प्रतिकूल असर पड़ा है और गरीब व जरूरतमंद लोगों से मुफ्त इलाज की सुविधा छीनी जा रही है। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने सत्ता पक्ष के प्रदर्शन पर भी तंज कसा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार को अब से ही विपक्ष में बैठने की तैयारी शुरू कर देनी चाहिए। दूसरी तरफ सत्ता पक्ष ने महंगाई और भ्रष्टाचार सहित विभिन्न मुद्दों को लेकर भाजपा के खिलाफ प्रदर्शन किया। उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने विपक्ष पर देश और प्रदेश के ज्वलंत मुद्दों से जनता का ध्यान भटकाने का आरोप लगाया। मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि देश में लगातार बढ़ रही महंगाई और बेरोजगारी जैसे गंभीर मुद्दों पर विपक्ष को बात करनी चाहिए, लेकिन इन मुद्दों से ध्यान हटाने के लिए इस तरह के प्रदर्शन किए जा रहे हैं। उप मुख्यमंत्री ने दावा किया कि कांग्रेस पूरी ताकत के साथ आगामी चुनाव लड़ेगी और विपक्ष को सत्ता में वापसी के ख्वाब देखना बंद कर देना चाहिए।   कुल मिलाकर, विधानसभा के मानसून सत्र के चौथे दिन भी सदन के भीतर और बाहर सियासी पारा चढ़ा रहा।*

*रितेश कपूर आकाशवाणी समाचार शिमला*

**खेलो इंडिया संवाद**

राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में मेरा युवा भारत शिमला व माई भारत एनएसएस के संयुक्त तत्वावधान में राजीव गांधी राजकीय महाविद्यालय कोटशेरा शिमला और राजकीय महाविद्यालय संजौली में "खेलो इंडिया संवाद" कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। राष्ट्रीय खेल दिवस प्रत्येक वर्ष 29 अगस्त को महान हॉकी खिलाड़ी व देश के गौरव मेजर ध्यानचंद जी की जयंती के अवसर पर मनाया जाता है। इस वर्ष राष्ट्रीय खेल दिवस का कार्यक्रम 27 अगस्त को आयोजित किया जा रहा है। खेलो इंडिया संवाद का मुख्य उद्देश्य युवाओं, खिलाड़ियों और देश के भविष्य को एक मंच पर लाकर खेलों के विकास, युवा सहभागिता व राष्ट्र निर्माण से जुड़े विषयों पर संवाद स्थापित करना है।

........................................................................................................................................................